आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18 जून 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा की, कहा–बारिश में न होने पाए जलभराव, जल्द पूरे किये जाएं बाढ़ बचाव संबंधी काम।
- प्रदेश के पूर्वी जिलों की ओद्योगिक प्रगति को गति देने के लिए तैयार हुआ गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे, लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे की तर्ज पर लागू किया जाएगा एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम।
- देश में कम हो रहे हैं टीबी से मृत्यु के मामले, केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा–विश्व की तुलना में टीबी के मामलों में भी आई गिरावट।
- मुख्य सचिव ने जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निरीक्षण कर परियोजना के प्रगति की समीक्षा की।

****

दो दिवसीय दौरे पर कल गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जलभराव तथा बाढ़ बचाव सहित विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। गोरखनाथ मंदिर में आयोजित बैठक में उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिये कहा कि बारिश के मौसम में शहरों में जलभराव न होने पाये। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी नालों का निर्माण चल रहा है वहां पानी निकालने के लिये फिलहाल कच्चा नाला तैयार कर लिया जाए। कहीं पर भी पानी नहीं रूकना चाहिए। इसी तरह बाढ़ बचाव सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि बंधों की सतत निगरानी की जाय और यह सुनिश्चित किया जाय कि बचाव सम्बन्धी जो भी कार्य चल रहे हैं, वह जल्द पूरे कर लिये जाएं। मुख्यमंत्री ने कई अन्य अहम मुद्दों पर भी चर्चा की। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

यातायात और कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों पर जाम की स्थिति नहीं होनी चाहिए। सड़क किनारे पटरियों पर लगने वाले ठेले–खोंमचे वालों का भी सत्यापन कराया जाय। उन्होंने कहा कि कहीं भी सड़कों के किनारे झुग्गी–झोपड़ी नहीं बसनी चाहिए। इस पर नजर रखी जाय और प्रभावी कार्यवाही की जाय। मुख्यमंत्री ने बीस जून को प्रस्तावित गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे के लोकार्पण और तीस जून को गोरखपुर में प्रस्तावित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को लेकर चल रही तैयारियों की भी समीक्षा की। इससे पूर्व कल सुबह वाराणसी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चौबीस जून को प्रस्तावित केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगमन की भी तैयारी जांची। श्री शाह भाजपा की मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने के लिये वाराणसी जायेंगे। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस बैठक में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी शामिल होंगे। समाचार कक्ष से मैं अरूण।

****

प्रदेश के पूर्वी जिलों की औद्योगिक प्रगति को गति देने के लिए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे बन कर तैयार हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा बीस जून को इसका लोकार्पण प्रस्तावित है। एक रिपोर्ट–

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे के लोकार्पण के दिन मुख्यमंत्री सुरक्षा फ्लीट को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। सुरक्षा फ्लीट में 5 इनोवा, 5 कैम्पर, 4 एम्बुलेंस, 2 क्रेन और 1 हाइड्रा वाहन शामिल हैं। यूपीडा के नोडल सिक्योरिटी ऑफिसर राजेश पांडेय ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज 8–8 घंटे के शिफ्ट में पैट्रोलिंग की जाएगी। इसके अलावा 91 किमी लंबे इस एक्सप्रेस–वे पर हर 45 किमी पर सड़क के दोनों तरफ एक–एक एम्बुलेंस की तैनाती रहेगी। सड़क सुरक्षा के लिए यहां लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस–वे की तर्ज पर एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम भी लागू किया जाएगा। इस सिस्टम के तहत एक्सप्रेसवे पर हर पांच किमी पर सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी रखी जाएगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेंद्र शर्मा।

****

केंद्र सरकार में सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने सरकार के जाति जनगणना कराए जाने के फैसले को देशहित में महत्वपूर्ण बताया है। कल बरेली में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने जाति जनगणना की अधिसूचना जारी होने का स्वागत किया।

मैं माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। पूरे देश की जनता की ओर से पूरे देश और समाज की ओर से जो मांग कर रहे थे बड़ा कदम उठाते हुए माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी ने ये जाति जनगणना कराने का निर्णय लिया है और समय पर होगी और इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी है।

इससे पहले केंद्रीय राज्य मंत्री श्री वर्मा ने बरेली में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगों को सहायक उपकरणों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि दिव्यांग जनों को सहूलियत के लिए उपकरणों का लगातार वितरण किया जाए ताकि उनका जीवन सुविधाजनक हो सके।

****

भारत तपेदिक रोग यानी टीबी को खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और विश्व की तुलना में इस रोग की घटनाएं कम हुई हैं। विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के ग्यारह साल विशेष श्रंखला के तहत आकाशवाणी समाचार के साथ विशेष साक्षात्कार में, केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कल यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश में टीबी से होने वाली मृत्यु दर में तेजी से कमी आई है।

भारत के प्रयासों का असर ये हुआ है कि दुनिया से जब हम भारत की तुलना करते हैं, ट्यूबरक्लॉसिस को देखते हुए, तो हमारे यहां टीबी के इन्सिडेंस रेट में जो डिक्लाइन हुआ है वो कहीं ज्यादा है। हमारे यहां आज बड़ी तेजी से टीबी की मोर्टालिटीज जो हैं वो घटी हैं और टीबी इन्सिडेंस रेट 17.7 परसेंट तक घटा है।

ये साक्षात्कार आकाशवाणी के पूरे नेटवर्क पर कल रात प्रसारित किया गया। समूचा साक्षात्कार आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट न्यूज ऑन एआईआर डॉट जीओवी डॉट इन पर भी उपलब्ध है।

****

देश ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष श्रृंखला लाया है। इस कड़ी में आज, हम स्वास्थ्य सेवा पर जानकारी दे रहे हैं।

आयुष्मान भारत जैसी प्रमुख पहलों ने लगभग 55 करोड़ लोगों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान की है। जबकि आयुष्मान वय वंदना योजना के अंतर्गत, 70 वर्ष और इससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिया गया है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन ने स्वास्थ्य सेवा वितरण को आधुनिक बनाया है, जिसके अंतर्गत 78 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते बनाए गए हैं। इसके अलावा, पीएम–आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे का तेजी से विस्तार हुआ है। पूर्वोत्तर में असम में पहले एम्स सहित कई राज्यों में एम्स की स्थापना और विस्तार, विकेंद्रीकरण और चिकित्सा शिक्षा के लिए सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सरकार ने कोविड–19 महामारी के दौरान पहला मामला दर्ज होने से पहले हवाईअड्डों पर स्क्रीनिंग से लेकर वैक्सीन टास्क फोर्स का गठन और तुरंत देशव्यापी लॉकडाउन लगाने तक त्वरित और साहसिक कदम उठाए। इसके अलावा, कोविड प्लेटफॉर्म के माध्यम से सुचारू रूप से वैक्सीन वितरण सुनिश्चित किया गया, 220 करोड़ से अधिक खुराकें दी गईं, जबकि ई संजीवनी ने टेलीकंसल्टेशन को सक्षम बनाया, जिससे मरीज घर से चिकित्सकों से जुड़े रहे। विष्णु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं सरफिरोजी।

****

प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कल गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर स्थित इंटरनेशन एयरपोर्ट का निरीक्षण कर परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों ने मुख्य सचिव को एयरपोर्ट के रन–वे, टर्मिनल भवन, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और कार्गो सुविधाओं सहित अन्य बुनियादी ढांचे की प्रगति की जानकारी दी। मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि एयरपोर्ट के बाकी निर्माण कार्य भी निर्धारित समय–सीमा के भीतर पूरे कर लिये जाएं। उन्होंने कहा कि यह परियोजना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

****

ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में 15 से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में फर्रुखाबाद में कल पुलिस कर्मियों ने पुलिसलाइन में योगाभ्यास किया। वहीं प्रयागराज में जल योग का आयोजन किया गया।

****

प्रदेश के गोरखपुर सहित कई अन्य जिलों में रुक रुक कर वर्षा का क्रम जारी है। इससे गर्मी से थोड़ी राहत मिली है, हांलाकि कल बारिश के साथ साथ दिन में धूप निकलने और उमस के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। मौसम विभाग ने इक्कीस जून तक प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में वर्षा जारी रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

****